# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : **16.08.2025** प्रसारण समय : **19:20** बजे

---

## मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश भर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है श्रीकृष्ण जन्माष्टमी : मथुरा में रात 12 बजे इंद्रधनुषी पोशाक में दर्शन देंगे कान्हां, रात दो बजे तक भक्त कर सकेंगे दर्शन।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा में 646 करोड़ रुपए की 118 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : बृज क्षेत्र के लिए की 30 हजार करोड़ रुपये की नई कार्ययोजना की घोषणा।
3. राष्ट्र आज भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को पुण्यतिथि पर दे रहा है श्रद्धांजलि : मुख्यमंत्री ने कहा– अटल जी ने भारतीय राजनीति को दी नई दिशा।

और

4. भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला कल पहुंचेंगे दिल्ली : स्वागत के लिए लखनऊ से रवाना हुआ परिवार।

———————

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आज प्रदेश भर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। भगवान कृष्ण के 5 हजार 252वें जन्मोत्सव पर उनकी जन्मस्थली मथुरा में भव्य उत्सव का आयोजन किया गया है। इस उत्सव में शामिल होने के लिए लाखों की संख्या में देश और विदेश से श्रद्धालु मथुरा वृंदावन पहुंचे है। मध्य रात्रि में भगवान कृष्ण का अभिषेक किया जाएगा। रात 11 बजे से आयोजन शुरू होगा और रात दो बजे तक श्रद्धालुओं को दर्शन का मौका मिलेगा। इस दौरान भक्तों के लिए दर्शन सुलभ बनाने के लिए बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं। पेश है एक रिपोर्ट.

*भगवान कृष्ण की नगरी मथुरा में जन्माष्टमी के पावन पर्व पर पूरा माहौल आस्था और उल्लास में डूबा हुआ है। मंदिरों के साथ ही नगर गली चौराहों को विशेष और अलग–अलग थीम पर सजाया गया है। श्री कृष्ण का जन्मोत्सव रात 12 बजे मनाया जाएगा। इस अवसर पर ठाकुर जी इंद्रधनुषी पोशाक धारण करेंगे। इस वर्ष ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सशस्त्र बलों की वीरता के सम्मान में भगवान कृष्ण सिंदूर फूल बंगले से दिव्य दर्शन देंगे। जन्माष्टमी के तीन दिवसीय आयोजन में शहर भर में शोभा यात्राएं निकाली जा रही हैं। इस उत्सव में शामिल होने पहुंचे श्रद्धालु बेहद उत्साहित हैं। मोहम्मद उमर कुरैशी, आकाशवाणी समाचार, मथुरा।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह मथुरा पहुंच कर श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर में पूजा–अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने श्री कृष्ण के 5 हजार 252वें जन्मोत्सव की शुभकामनाए दीं।

इस दौरान श्री योगी ने 646 करोड़ रुपए की 118 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया,

साथ ही बृज क्षेत्र के समग्र विकास के लिए 30 हजार करोड़ रूपये की नई कार्ययोजना की घोषणा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार इस पावन भूमि के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि काशी और अयोध्या की तरह ही सरकार मथुरा में विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार कर रही है। बाइट....

*मथुरा, वृंदावन, बरसाना, गोकुल, बलदेव, गोवर्धन और राधा–कुंड को तीर्थ के रूप में उसकी पौराणिक मान्यता को फिर से बहाल करेंगे। ये डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्ग दर्शन और नेतृत्व में इस पूरे अभियान के साथ पूरी प्रतिबद्धता के साथ लग करके अपनी आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण के लिए और श्रद्धालुजनों की सुविधा के लिए अत्याधुनिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है।*

श्री कृष्ण जन्मस्थान न्यास के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि इस वर्ष जन्माष्टमी पर गर्भगृह की सजावट में सवा दो सौ किलो चांदी का इस्तेमाल किया गया है। इस भव्य आयोजन में पहुंचे भक्तों ने कहा कि मंदिरों की सजावट और व्यवस्थाएं देखकर उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है। बाइट...

*मेरे को इधर आके बहुत अच्छा लगा, इधर हर चीज की तैयारी बहुत अच्छी है, जगह–जगह पर प्रशासन का पूरा सहयोग मिल रहा है और तैयारी बहुत अच्छी है, मंदिर का बहुत अच्छा व्यवस्था है, बहुत अच्छी सजावट हुई है, बहुत खुशी मिल रही है देखकर।*

भक्तों की भारी भीड़ को देखते ह्ए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन अनुपमा कुलश्रेष्ठ ने बताया कि पुलिस प्रशासन न भीड़

नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए विशष योजनाएं तैयार की हैं। बाइट...

*क्राउड मैनेजमेंट और सुरक्षा व्यवस्थ इन दो चीजों पर पूरा जो दिया गया है और हम आशा करते हैं कि जो भी यहां पर एनीच्यूअल्स किये जा रहे हैं, वह बहुत ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुख्ता होंगे और साथ ही साथ सुविधाजनक भी होंगे ताकि जो भी हमारे श्रद्धालुजन आ रहे हैं उनको अच्छे से दर्शन प्राप्त हो सके और वह सकुशल दर्शन करके अपने–अपने गंतव्य स्थान को जा सकें।*

लखनऊ में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिरों में भव्य झांकियां, रास लीला, भजन–कीर्तन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ पुलिस लाइन में आयाजित भव्य कार्यक्रम में शामिल हुये। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के सभी पुलिस थानों और प्रशिक्षण संस्थानों में जन्माष्टमी समारोह आय़ोजित किए जा रहे हैं।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर लोक भवन स्थित अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि अटल जी का छह दशक लंबा राजनीतिक जीवन भारतीय राजनीति को नई दिशा देने वाला रहा। बाइट...

*भारत के जीवन मूल्यों, आदर्शों भारत के अंदर विकास का मॉडल क्या होना चाहिए और वैश्विक मंच पर भारत और भारतीयता को कैसे प्रतिष्ठा दी जानी*

*चाहिए, सदैव अटल जी सत्ता पक्ष में रहे हो या विपक्ष में उन्होंने सदैव इन बातों का ध्यान रखा, इसको प्रभावी रूप से अपना नेतृत्व भी प्रदान किया।*

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने स्वाधीनता संग्राम सेनानी, महान वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। श्री योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने उनके प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करते हुए बदायूं में पीएसी की एक नई बटालियन की स्थापना की है, जिसे वीरांगना अवंती बाई लोधी के नाम से समर्पित किया गया है। यह बटालियन प्रदेश की बेटियों को समर्पित है।

——————

केंद्रीय राज्यमंत्री बी. एल. वर्मा ने आज बरेली में वीरांगना अवन्तिबाई की प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में वीरांगना अवंतिबाई के साहस और बलिदान को देश हमेशा याद रखेगा।

——————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने आज से पूरे देश में लगभग एक हजार 150 टोल प्लाजा पर 'फास्टैग वार्षिक पास' की सुविधा शुरू कर दी है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा है कि फास्टैग को बार–बार रीचार्ज करने की जरूरत खत्म करने के लिये फास्टैग वार्षिक पास शुरू किया गया है। एक रिपोर्ट.......

*'फास्टैग वार्षिक पास' की सुविधा एक मुश्त तीन हजार रुपये की खरीद के साथ शुरू हुई है। इस पास की वैधता एक वर्ष या 200 बार टोल प्लाजा से गुजरने तक रहेगी। फास्टैग वार्षिक पास वैध फास्टैग वाले सभी गैर–व्यावसायिक वाहनों के लिए लागू है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, कल शाम सात बजे तक लगभग एक लाख चालीस हजार लोगों ने वार्षिक पास खरीद कर सक्रिय किया। मंत्रालय ने कहा है कि वार्षिक पास से सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक टोल प्लाजा पर प्राधिकरण के अधिकारी और नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। समाचार कक्ष से शैलेंद्र शर्मा।*

——————————

एग्जियोम–4 मिशन की सफलता के बाद भारतीय अंतरिक्ष यात्री और लखनऊ निवासी ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला भारत लौटने के लिए अमेरिका से रवाना हो चुके हैं। वह कल नई दिल्ली पहुंचेंगे। शुभांशु का परिवार उनके स्वागत के लिए दिल्ली रवाना हो गया है। शुभांशु के पिता शंभू दयाल शुक्ला ने कहा कि उनके स्वदेश लौटने पर

उनका परिवार ही नहीं बल्कि देश और प्रदेश के लोगों में भी खुशी का माहौल है। बाइट...

*बहुत उत्साह है बेटा जो है मिशन में सफल होकर आया है। हम लोग यही चाहते थे कि मतलब बेटा जल्दी से जल्दी मिशन पूरा करके घर आये। मिशन पूरा हो गया, उसका घर वापसी हो रहा, सकुशल आ रहा है तो हम उसको जल्द से जल्द मिला चाहते हैं और ये हमारे लिए बहुत सबसे जिंदगी का बड़ा दिन है कि हम उससे सकुशल मिल रहे हैं, ये हमारे लिए बहुत गौरव है।*

——————————

हज यात्रा–2026 पर जाने वाले आजमीन–ए–हज की चयन प्रक्रिया पूरी हो गई है। प्रदेश के सभी 18 हजार 760 आवेदक हज के लिए चयनित हो गए हैं। राज्य हज कमेटी के सचिव एस.पी. तिवारी ने बताया कि चयनित आवेदकों को यात्रा के लिए निर्धारित धनराशि की पहली किस्त 20 अगस्त तक जमा करनी होगी।

——————————

यूपी टी–20 लीग के तीसरे संस्करण की शुरुआत कल लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई इकाना अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में होगी। इस लीग के लिए उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। लीग में कुल 6 टीमें हिस्सा ले रही हैं।

——————————

प्रदेश में रुक–रुक कर हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण 17 जनपद बाढ़ से प्रभावित हैं। बदायूं, फर्रुखाबाद, कानपुर में गंगा, शाहजहांपुर में रामगंगा, लखीमपुर खीरी में शारदा, बाराबंकी और बलिया में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

——————————